एक नजर में

इंदौर-शारजाह उड़ान अब सप्ताह के सातों दिन

इंदौर. इस विंटर सीजन में इंदौर से दुबई की सीधी उड़ान की सुविधा नहीं मिलने के बावजूद एयरपोर्ट से शारजाह की उड़ान अब पूरी सप्ताह नियमित रूप से संचालित होगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एयरलाइंस की नई सेवाओं से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेंगे. एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली के बाद इंदौर से यूएई जाने वाले यात्रियों के लिए शारजाह की उड़ान सप्ताह में चार दिन से बढ़ाकर सातों दिन संचालित होगी. नई समय-सारणी के अनुसार उड़ान सुबह 10 .10 बजे इंदौर से रवाना होकर शारजाह दोपहर 12 .05 बजे पहुंचेगी. वापसी में शारजाह से 1 .05 बजे उड़ान भरकर शाम 5 .50 बजे इंदौर लौटेगी. इंडिगो एयरलाइंस भी पूर्व में संचालित की गई उड़ानों को दोबारा शुरू कर रही है. दीपावली के बाद जोधपुर, उदयपुर, जम्मू और नासिक के लिए सीधी उड़ानें भी शुरू होंगी. ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन का कहना है कि दिन की उड़ान शुरू होने से यात्रियों को सुविधा के साथ-साथ कनेक्टिंग फ्लाइट्स और ट्रांजिट यात्रियों को भी लाभ मिलेगा. नियमित उड़ानों से अब यात्रियों को अपने शेड्यूल के अनुसार यात्रा की योजना बनाने में आसानी होगी.

ट्रैफिक मित्र अभियान के तहत नए युवाओं को किया प्रशिक्षित

इंदौर. आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के समिति सदस्य पवन कुमार की उपस्थिति में शहर में ट्रैफिक मित्र अभियान के अंतर्गत नए युवाओं को सिपाही सुमंत कछवाय द्वारा प्रशिक्षित किया. प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया, ताकि वे नागरिकों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकें. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह पहल शहर में सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और युवा ट्रैफिक मित्रों की भूमिका जागरूकता फैलाने और यातायात व्यवस्था सुधारने में अहम होगी.

जीआरपी पुलिस ने चंद घंटों में पकड़ा आरोपी

इंदौर. रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चोरी की वारदात का जीआरपी उज्जैन ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है. फरियादी आकाश कुमार, निवासी मैनपुरी उत्तर प्रदेश, शिक्षक भर्ती परीक्षा देने उज्जैन आया था. वह उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था. थकान के चलते वह वहीं लेट गया और अपना सैमसंग मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर लगा छोड़ा. इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर मोबाइल चोरी कर लिया. शिकायत मिलते ही जीआरपी उज्जैन ने तुरंत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की. जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर 42 वर्षीय संजय पाटीदार निवासी नोमिल गोकन्या, थाना सिमरोल, जिला इंदौर को गिरफ्तार किया. आरोपी के पास से चोरी गया मोबाइल बरामद कर उससे पूछताछ की जा रही है.

राजमाता सिंधिया की जयंती पर माल्यार्पण

इंदौर. राजमाता विजयराजे सिंधिया की जयंती पर भाजपा कार्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण किया. इंदौर पहुंचे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी राजमाता सिंधिया प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि आज भाजपा वटवृक्ष के रूप में स्थापित हुई है, उसमें राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी का महत्वपूर्ण योगदान है. इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू विशाल यादव, रानू अग्रवाल पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, अंजू माखीजा, कमल वाघेला, ज्योति तोमर, शैलजा मिश्रा, रामदास गर्ग, पद्मा भोजे, पंखुडी डोसी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

शान से निकला बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन

महू. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को बाल स्वयंसेवकों द्वारा शानदार पथ संचलन निकाला गया. यह संचलन हाई स्कूल स्टेडियम से शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवकों ने भाग लिया. इस वर्ष संचलन की विशेषता रही कि यह हाईस्कूल स्टेडियम से दो अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण के लिए निकला. दोनों मार्गों से निकले संचलन का फूल चौक चौराहे पर एक ही समय पर संगम हुआ. फूल चौक से यह संचलन एक साथ होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए अपने शुरुआती स्थल पर समाप्त हुआ. संचलन के दौरान बाल स्वयंसेवक कदमताल करते हुए चल रहे थे. पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया.

संस्था सृजन का सामूहिक विवाह 13 दिसंबर को

इंदौर. संस्था सृजन का सर्व समाज का सामूहिक विवाह 13 दिसंबर को ध्यानयोगी महर्षि श्रीउत्तम स्वामीजी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होगा. संस्था सृजन अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल संयोजक महेश दलोत्रा ,गोविंद गोयल महिला संयोजिका तनुजा खंडेलवाल द्वारा सर्वसमाज सामूहिक विवाह संस्था सृजन परिवार के तत्वावधान में 13 दिसंबर को नि :शुल्क सर्वसमाज सामूहिक विवाह होगा. श्रीउतमस्वामीजी महाराज की प्रेरणा से देश में संभवत: सर्वप्रथम नि :शुल्क सर्वसमाज विवाह सम्मेलन का आयोजन 2004 में प्रारंभ हुआ था. इस साल 15 वा सर्वसमाज सामूहिक विवाह है इसकी तैयारिया शुरू हो गई है. संस्था द्वारा अब हुए 14 आयोजनों में अब तक 1079 बेटियों का विवाह कराया जा चुका है. आयोजन महामंडलेश्वर उत्तम स्वामीजी के परम सानिध्य में होगा. संस्था सृजन के अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल और महेश दलोत्रा ने बताया कि इसमें एक पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार से हिंदु रीति रिवाज से गायत्री परिवार द्वारा विवाह होगा. आयोजन के लिए अब तक 10 प्रविष्टियां आ चुकी है। रजिस्ट्रेशन का सिलसिला अभी जारी रहेगा. आयोजन की तैयारियों में 37 समितियों के माध्यम से 550 कार्यकर्ताओं की टीम जुटी हुई है. महिला संयोजिका तनुजा खंडेलवाल के नेतृत्व में फेरे ओर कन्यादान की व्यवस्था और भोजन व्यवस्था मातृ शक्तियों द्वारा संभाली जाएगी.

माहेश्वरी समाज के जिलाध्यक्ष धूत का निधन

इंदौर. माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के अध्यक्ष रामस्वरूप धूत का आज आकस्मिक निधन हो गया. वे 80 वर्ष के थे. आप अत्यंत सहज और सरल स्वभाव के थे. अंतिम यात्रा प्रात: उनके उषा नगर एक्सटेंशन स्थित निवास से निकली. अंत्येष्टि पंचकुइया मुक्तिधाम में हुई. समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. अंतिम समय में भी वे समाज के जरूरतमंद परिवार हेतु दीपावली पूर्व भेंट देने के समाज जनों से ही राशि एकत्रित कर रहे थे.

पटाखा गोदाम व फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

हाईवे किनारे कॉलोनी में चल रहा अवैध पटाखा गोडाउन

एक छोटी सी चिंगारी भी बन सकती है बड़े हादसे का कारण

जिम्मेदार मौन, दुर्घटना से निपटने के पर्याप्त इंतजाम नहीं



महू. दीपावली के अवसर पर क्षेत्र में पटाखों का बड़ा कारोबार होता है. इस दौरान कई पटाखा गोदाम और फैक्ट्रियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रही हैं. इन स्थानों पर आगजनी आदि से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे एक छोटी सी चिंगारी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है.

किशनगंज थाना क्षेत्र में आगरा-मुंबई हाईवे से लगभग 500 मीटर अंदर एक नई कॉलोनी में नियमों के विरुद्ध एक पटाखा गोदाम संचालित हो रहा है. इसे आकर्षक बनाने के लिए चारों ओर कांच लगाकर शोरूम का रूप दिया गया है, जहां बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण और बिक्री की जा रही है. इस गोदाम से सटकर ही बिजली की मुख्य लाइन गुजर रही है, जो कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल और गोदाम के बीच से जाती है. गोदाम के आसपास खाली कार्टून और बॉक्स आदि बिखरे पड़े हैं, जिनसे आग लगने की स्थिति में आग तेजी से फैल सकती है. फैक्ट्री के गोदाम के साथ ही पिछले हिस्से में निर्मित टीनशेड में भी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया गया है.

गोदाम में फायर बिग्रेड यंत्र उपयोग नहीं

इस फैक्ट्री के गोडाउन के बाहर हालांकि, कई हाईटेक अग्निशमन यंत्र रखे हुए दिखाई देते हैं, जो एक अच्छी बात है. लेकिन, इन यंत्रों के उपयोग के तरीके कहीं भी प्रदर्शित नहीं किए गए हैं. इसके अलावा गोडाउन में ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग की मनाही संबंधी कोई बोर्ड भी नजर नहीं आया. चोरी से बचाव के लिए गोदाम को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया है, लेकिन आग लगने की स्थिति में पानी या रेत की उपलब्धता को लेकर कोई जानकारी प्रदर्शित नहीं की गई है. इसके अतिरिक्त, आपातकालीन स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस या फायर फाइटर को सूचना देने के लिए भी कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है.

मिट्टी के दीए बनाने का कार्य जोरों पर

- **एक दिन में 1000 दीपक, 50 से अधिक लक्ष्मी प्रतिमाएं तैयार कर रहे कारीगर**
- **महू के साथ पीथमपुर, राऊ, इंदौर और मानपुर भी जाते दीये**

महू. दीपावली पर्व के लिए मिट्टी के दीपक और लक्ष्मीजी की प्रतिमाएं तैयार करने का कार्य जोरों पर चल रहा है. किशनगंज-सांतेर क्षेत्र में कई परिवार इस कार्य में दिन-रात जुटे हैं। यहां प्रतिदिन हजारों दीपक और लक्ष्मीजी की सैकड़ों मूर्तियां बनाई जा रही हैं.

दीपों का पर्व दीपावली जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है बाजार में सजावटी सामग्री की दुकानों पर चहल-पहल बढ़ने लगी है. इसी क्रम में किशनगंज-सांतेर क्षेत्र में मिट्टी के दीपक, लक्ष्मीजी की प्रतिमाएं, सेठ-सेठानी और मकान जैसी अनेक सामग्री बनाई जा रही हैं. हर कारीगर एक दिन में लगभग एक हजार दीपक और 50 से अधिक लक्ष्मीजी की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं. इस वर्ष लक्ष्मीजी की मिट्टी की बड़ी प्रतिमाओं की मांग भी देखी जा रही है. यह सामग्री महू के साथ-साथ पीथमपुर, राऊ, इंदौर और मानपुर सहित आसपास के अन्य स्थानों पर भी भेजी जा रही है.

पारी बोले... धूप खिलने से काम में आई तेजी

मिट्टी के दीपक और लक्ष्मी प्रतिमा बनाने वाले कारीगर महेश प्रजापति ने बताया कि धूप खिलने से काम में तेजी आई है. उन्होंने बताया कि उनकी कई पीढ़ियां यह कार्य करती आ रही हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है. मूर्तियों पर रंग भरने का काम करने वाली 50 वर्षीय मुन्नी बाई प्रजापति ने बताया कि वह कई सालों से यह कार्य कर रही हैं. सीजन पर उनका पूरा परिवार सुबह से शाम तक इस कार्य में लगा रहता है. महेश प्रजापति के अनुसार, एक मिट्टी का दीपक बनाने में लगभग 10 सेकंड का समय लगता है. इस दीपावली पर उन्होंने करीब एक लाख दीपक तैयार करने का लक्ष्य रखा है.

पुलिस ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बाइक पेट्रोलिंग

रखी अवैध गतिविधियों पर निगरानी, 3 अपराधी बंदी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी जारी रखी. डीसीपी ज़ोन-04, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस बल ने छत्रीपुरा क्षेत्र की संवेदनशील और हॉटस्पॉट गलियों में बाइक पेट्रोलिंग की.

देर रात को डीसीपी ज़ोन-04 आनंद कलादगी, एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और एसीपी सराफा हेमंत चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल ने करीब 6 किलोमीटर के क्षेत्र में गश्त की और आम नागरिकों से उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुना. पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब बेचने में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की. पुलिस का कहना है कि इस तरह की सक्रिय गश्त और हॉटस्पॉट निगरानी से न केवल अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण रहेगा, बल्कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी बढ़ेगी.

जत्रा में तीन पीढ़ियों ने एक साथ लिया मराठी व्यंजनों का स्वाद

कलाकारों ने लावणी की मनमोहक प्रस्तुतियां दी

रजत जयंती वर्ष उत्सव के तीसरे दिन उमड़े हजारों स्वादप्रेमी

इंदौर. मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाने वाला सालाना आयोजन रजत जयंती वर्ष जत्रा में तीसरे दिन कलाकारों ने मराठी लावणी की मनमोहक प्रस्तुतियां दी. हजारों इंदौरियों ने दीपावली की जमकर खरीददारी की. सैकड़ों परिवारों की तीन पीढ़ियों ने मराठी व्यजनों का स्वाद लिया. चार दिवसीय जत्रा का सोमवार को समापन होगा.

संस्था के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि जत्रा में तीसरे दिन रविवार को सुबह 12 बजे से इंदौरियों का आना शुरू हो गया. दीपावली की खरीददारी शुरू कर दी थी. शाम होते ही इंदौरियों का जमावड़ा व उत्साह देखते ही बन रहा था. आयोजन में महाराष्ट्र के मंत्री उदय सावंत सम्मिलित हुए उन्होंने भाकरवड़ी, चिरोटे सहित व्यंजनों का स्वाद लिया. नए साल के कैलेंडर का विमोचन भी हुआ. महाआरती भी हुई. तृप्ति महाजन और सुमेधा बावकर ने बताया कि सैकड़ो परिवारों की तीन पीढ़ियों ने मैदान में चादर बिछाकर खूब मराठी व्यंजनों का लुत्फ उठाया. इंदौरियों ने मराठी व्यंजनों का स्वाद चखा, स्वाद प्रेमियों का जमावड़ा लगा रहा, 50 से ज्यादा मराठी व्यंजनों के स्टॉल रहे, दिन में मोदक, बाखरवाड़ी,सहित अन्य व्यंजन परोसे गए. संकेता देशकुलकर्णी और सुप्रिया पुंडलिक ने बताया कि इंदौरियों ने हैंडीक्राॅफ्ट आइटम जिसमें गृह साज-सज्जा दीपावली डेकोरेशन इसके अलावा हस्त निर्मित खाद्य पदार्थ और विशेष कोकण के उत्पाद की भी खूब खरीदारी की. दर्शन जागीरदार और नीरज तेलंग ने बताया कि जत्रा परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है. जत्रा का समापन 13 अक्टूबर को होगा.

ठाणे में करवाउंगा ऐसा आयोजन : सामंत

महाराष्ट्र के कैबिनेट उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि जत्रा का आयोजन व्यवस्था, कॉन्सेप्ट देखकर में अभिभूत हूं. अगले वर्ष मुम्बई ठाणे में जत्रा जैसा ही आयोजन करूंगा. उसका उद्घाटन आदरणीय ताई से ही करवाऊंगा. कार्यक्रम के शिवसेना के सचिव संजय मोरे भी थे. महाराष्ट्र के बाहर मराठी फूड फेस्टिवल को लगातार 25 वर्षो तक निरंतर आयोजन अनुकरणीय है.

गुजराती समाज के वरिष्ठ महेंद्र पटेल ने किया देह और अंगदान

समाज को दिया परोपकार का संदेश, पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर

नव भारत न्यूज

इंदौर. निपानिया क्षेत्र, बीसीएस पार्क निवासी गुजराती समाज के वरिष्ठ महेंद्र भाई पटेल के निधन के बाद उनके नेत्र, त्वचा और देहदान संपन्न हुआ. दिवंगत के पुत्र विनीत पटेल और भावनेश पटेल ने अपने पिता की इच्छा के अनुरूप यह परोपकारी कार्य कर समाज में दान और सेवा का संदेश दिया. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार दिवंगत को शासकीय सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया, जिसमें गुजराती समाज के वरिष्ठजन और परिजन उपस्थित रहे और इस कार्य की सराहना की. एमजीएम मेडिकल कॉलेज में देहदान से पहले दिवंगत के नेत्र एमवायआई बैंक में और त्वचा चोइथराम स्किन बैंक, इंदौर में ग्रहण की गई. इस प्रक्रिया का समन्वय भावनेश पटेल और मिहिर तुरखिया ने किया. इस अंगदान से दृष्टिहीन लोगों को रोशनी और त्वचा रोगियों को चिकित्सा लाभ मिलेगा. देहदान से शरीर का उपयोग एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एनाटॉमी अध्ययन हेतु किया जाएगा. इस पुनीत कार्य में नेत्रदान में डॉ. श्रुति और डॉ. रवि तथा त्वचा दान में मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी, जयवंत निकम और डॉ. अरविंद घनघेरिया के मार्गदर्शन में डॉ. राजेंद्र मार्को ने तकनीकी सहायता प्रदान की. गॉड ऑफ ऑनर से पिछले सप्ताह इंदौर और उज्जैन संभाग में तीन देहदान संपन्न हो चुके हैं.

जैन समाज ने पहली बार निकाली बच्चों की पदयात्रा

संतों की निश्रा में लिए अनेक अनूठे संकल्प

इंदौर. जैन समाज के इतिहास में पहली बार रविवार को तिलक नगर स्थित तिलकेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से स्कूली नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने दादा- दादी, नाना-नानी, चाचा चाची एवं अन्य परिजनों के साथ सज धज कर पदयात्रा निकाली. इसमें जैनाचार्य नयचंद्र सागर एवं गणिवर्य अजीतचंद्र सागर सहित शहर में विराजित 20 से अधिक साधु साध्वी भगवंतो ने भी शामिल होकर बच्चों को श्रेष्ठ संस्कारों से जोड़ने, दीपोत्सव के महापर्व की खुशियों को अपने आसपास की झुग्गी-बस्तियों और जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचने, मोबाइल का कम से कम उपयोग करने और अपनी पॉकेट मनी से मायूस चेहरों की खुशियां लौटाने जैसे संकल्प दिलाए.

पदयात्रा तिलक नगर मेनरोड, रवींद्र नगर, पलासिया चौराहा, एमजी रोड, रीगल चौराहा, जिला न्यायालय,राम प्याऊ चौराहा, कृष्णपुरा, राजबाड़ा चौक होते हुए पीपली बाजार पहुंची, जहां सभी जैन श्रीसंघों की ओर से बच्चों एवं यात्रा आयोजकों का स्वागत किया गया. पदयात्रा में शामिल बच्चे साफा बांधे, सूट-बूट पहनकर विंटेज कार ,बग्घी, रथों एवं खुले वाहनो पर प्रसन्नचित्त मुद्रा में नजर आ रहे थे. यात्रा संयोजक सोनल कोठारी, साधना जैन, विकास जैन एवं शिल्पा जैन पूरे समय यात्रा के साथ चले और मार्गदर्शन करते रहे. पीपली बाजार से खजूरी बाजार होते हुए पदयात्रा इमली बाजार स्थित महावीर भवन पहुंची, जहां संतों की निश्रा में सभी बच्चों और यात्रा में शामिल लोगों को नवकारसी के बाद उपहार भी भेंट किए गए और संघपतियों का सम्मान भी किया गया। संतों ने अपने आशीर्वचन में बच्चों को श्रेष्ठ संस्कारों से जुड़कर समाज और देश की प्रगति को आगे बढ़ने के संकल्प दिलाए. दिलीप मंडोवरा, विकास जैन सहित इस अनूठे आयोजन के सभी सहयोगी बंधुओं का भी बहुमन किया गया.

आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी : देवड़ा

इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक, जब देश की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होंगे, तब तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, देश को विकसित बनाने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से होकर गुजरता है, आत्मनिर्भर भारत निर्माण का सशक्त माध्यम स्वदेशी है.

यह बात उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने का आग्रह देश की जनता से किया है. हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी, गर्व से कहो यह स्वदेशी है. यह संकल्प एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है. हम अपने देश में बने उत्पादों को अपनाएं, अपनी संस्कृति को गले लगाएं और अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करें. श्री देवड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने हाल ही में कई नई पहल शुरू की हैं. जीएसटी की दरें कम होने से, नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से, हमारे एमएसएमईएस, लघु उद्योगों और कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा. उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा, यानी उनको भी डबल फायदा होगा. इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता आलोक दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, महामंत्री सुधीर कोल्हे, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के नगर संयोजक मुकेश मंगल, माधुरी जायसवाल आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

सिखवाल ब्राह्मण समाज का अनोखा युवक-युवती परिचय सम्मेलन

युवा पीढ़ी को बताया संयुक्त परिवार का महत्व

इंदौर. श्री सिखवाल ब्राह्मण समाज का अभा युवक-युवती परिचय सम्मेलन ऐतिहासिक रहा. रवींद्र नाट्य गृह में आयाजित इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए. सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपने भावी जीवनसाथी के बारे में मंच से अपनी राय रखी.

चार रिश्ते तय हुए, 22 पर चर्चा चली. वहीं दांपत्य जीवन के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले 15 दंपतियों का सम्मान किया गया. उन्हें घोड़ी पर बैठाया, बाना निकाला और वरमाला भी कराई. इस आयोजन में युवा पीढ़ी को संयुक्त परिवार के महत्व के बारे में भी बताया गया.

सिखवाल ब्राह्मण समाज एवं श्रृंगी ऋषि भक्त मंडल इंदौर के संयोजक घनश्याम जोशी, संरक्षण जगदीश जोशी और अध्यक्ष आनंद जोशी आलू ने बताया कि पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, दिल्ली से प्रेम ओझा, मुंबई से महेश सिखवाल, सोहनलाल उपाध्याय पाली, संजीव श्रृंगीऋषि, एमआईसी सदस्य अश्विन शुक्ला आदि ने आयोजन का शुभारंभ किया और परिचय परिणय पुस्तिका का विमोचन किया. वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित किया गया. परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य 750 युवक युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं. आज आयोजन स्थल पर 150 प्रविष्टियां एक ही दिन में मिली.

बुजुर्ग दंपतियों के दिलों में पुरानी यादें

दोपहर बाद आयोजन स्थल पर दांपत्य जीवन के 50 वर्ष पूर्ण कर करने वाले 15 समाजजनों का न सिर्फ सम्मान किया, बल्कि उनके विवाह की रस्म भी करवाई. उन्हें बग्गी एवं घोड़े पर बैठाकर बाना निकाला. बैंड बाजे और ढोलक की थाप पर समाजजन जमकर नाचे. बुजुर्ग पुरुषों ने मंच पर अपनी-अपनी पत्नियों को पुन : वरमाला पहनाई. यह माहौल अपने आप में आत्मीय एवं पारिवारिक हो गया, इन बुजुर्ग दंपतियों के चेहरे पर और दिलों में पुरानी यादें साफ झलक रही थी तो कुछ की आंखें नम भी हो गई.